हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 20 अप्रैल 2026, समय 18:10

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम भुगतने होंगे ।

- केंद्र सरकार ने कहा पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद, देश में घरेलू एल पी जी  आपूर्ति स्थिर ।

- हरियाणा उच्च अधिकार क्रय समिति ने हरियाणा बिजली वितरण निगम को ट्रांसफार्मरों के लिए " गैस सर्किट ब्रेकर " की खरीद को अनुमति प्रदान की ।

- हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेन्द्र सिंह कल्याण ने सामान्य ,पुलिस एवं व्यय पर्यवेक्षकों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा की – कानून व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए ।

और

- फरीदाबाद के नंगला इलाके में कई झुग्गियाँ आग की चपेट में आई , प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में भेजा गया ।

*************************************************************************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम विपक्ष को भुगतने होंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक 2026 को लोकसभा में मंजूरी नहीं मिलने के बाद कांग्रेस और इसके सहयोगियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं बहुत गुस्से में हैं और भय से मुक्त हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के ऊपर जो दाग लगा है, वो मिटने वाला नहीं है।

*महिलाओं के सामने हम लोग ये बता रहे है अभी कि आगे मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए हमारा सरकार एनडीए काम करते रहेंगे, लेकिन जिन्होंने महिला आरक्षण बिल को*

*गिराया उनको भी सजा मिलना चाहिए, तो ये काला दाग कांग्रेस के ऊपर लगा है, जीवन भर साफ होने वाला नहीं है।*

**********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर आज कांग्रेस के खिलाफ रोहतक में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुई। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने किया।

प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ धोखा करने का आरोप लगाया और कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खारिज होने से कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है ।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद पूरे देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति स्थिर है और वितरकों में किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं है।

नई दिल्ली में आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है जिनमें घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाना, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुकिंग अवधि बढ़ाना और अवैध बिक्री को रोकने के लिए आपूर्ति प्रमाणीकरण कोड लागू करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच दिन के आंकड़ों के अनुसार, 5 किलो सिलेंडर की बिक्री में भी वृद्धि हुई है। वाणिज्यिक आपूर्ति भी 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज उच्च अधिकार क्रय समिति की बैठक में हरियाणा बिजली वितरण निगम के 220 केवी के ट्रांसफार्मरों के लिए एसएफ 6 गैस सर्किट ब्रेकर की खरीद को अनुमति प्रदान की गई।

इन ट्रांसफार्मरों के लिए 9 करोड़ 18 लाख 40 हजार रुपए की लागत से 41 गैस सर्कट ब्र्ेकर खरीदें जाएगें।

बैठक में हिसार में एकीकृत निर्माण क्लस्टर में मूलभूत ढांचा विकसित करने व नए शहरों के लिए कार्यक्रम प्रबंधक के तौर पर काम करने हेतु सलाहकार की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार हिसार में बनने वाले निर्माण हब पर कार्य आरम्भ हो जाएगा। सलाहकार,लगातार तीन साल तक इन हब के लिए कार्य करने के साथ ही पूर्ण निगरानी रखेंगे।

***********************************************************************

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने आज पंचकूला में आयोग कार्यालय में सामान्य, पुलिस एवं व्यय पर्यवेक्षकों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखें और संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। श्री कल्याण ने कहा कि मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से नकदी, शराब, कपड़े या अन्य प्रलोभनों के वितरण पर भी सख्त नजर राखी जाए ताकि नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाना सुनछ्छित हो। उन्होंने अवैध हथियारों, आपराधिक तत्वों एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ, उन स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए जहां ईवीएम मशीनें रखी गई हैं ।

निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पर्यवेक्षक जिला प्रशासन की तैयारियों का निरंतर आकलन करें बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि मतदान कर्मियों और ईवीएम की रैंडमाइजेशन प्रक्रिया पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में ही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यवेक्षक चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपने कार्यस्थल पर तैनात रहेंगे।

*******************************************************************

फरीदाबाद के नंगला इलाके में आज सुबह कई झुग्गियां आग की चपेट में आ गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को सामान संभालने तक का मौका नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण बताया गया है, हालांकि प्रशासन ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रभावित परिवारों को अस्थायी राहत शिविरों में भेजा गया है।

*******************************************************************

पलवल में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने रबी किसानों से फसल अवशेष न जलाने और इनका उचित प्रबंधन करने की अपील की है।

आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया –

उन्होंने कहा कि किसान पराली को जलाने के स्थान पर हैप्पी सीडर, सुपर एसएमएस, मल्चर, रोटावेटर जैसी आधुनिक मशीनों का उपयोग कर उसे मिट्टी में मिलाएं या चारे अथवा जैव ईंधन के रूप में प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि जो किसान फसल अवशेष जलाते हुए पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध 5000 से 30,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा तथा एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

*******************************************************************

जींद जिले में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आठवां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत भटनागर कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में “स्कूल रेडीनेस मेले” का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की निरीक्षक दर्शना ने बताया कि मेले में गर्भवती महिलाओं और उनके अभिभावकों को आमंत्रित कर उन्हें बच्चों की शिक्षा, देखभाल और पोषण संबंधी जानकारी दी गई।

*****************************************************************************

कैथल के उपायुक्त अपराजिता ने जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण –एचपीवी अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

आज इस अभियान की प्रगति को लेकर जिला कार्य बल की बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस बारे आमजन को जागरूक करने और अपनी कारगुजारी में सुधार लाने को कहा। उन्होंने स्कूलों में पीटीएम आयोजित कर अभिभावकों को वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक करने की हिदायत भी की।

*****************************************************************************

पलवल के उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने आज जिलावासियों से स्व-गणना अभियान में बढ़ चढक़र भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला वासी 30 अप्रैल 2026 तक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नागरिक स्व-गणना के लिए 16 भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं। उन्हे कुल 33 सवालों के जवाब देने होंगे।

*****************************************************************************